# Greenlawns School, Worli

## द्वितीय सत्रीय पुनरावलोकन (२०२३-२४)

## हिंदी

कक्षा :- नौंवी | पूर्णांक:- ८०

दिनांक :- १५.०२.२४ | समय:- ३ घंटे

Maximum Marks: 80
Time allowed: Three hours.
Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.
You will not be allowed to write during the first 15 minutes.
This time is to be spent in reading the question paper.
The time given at the head of this question paper is the time allowed for writing answer.

---

**Section A** is compulsory - **All** questions in **Section A** must be answered.
Attempt **any four** questions from **Sections B,** answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and **any two** questions from the same book you have studied .
The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ]

---

**SECTION A**

(Attempt **all** questions from this **Section**.)

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately 250 words on any **one** of the following topics :

प्र.१ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए- (१५)

१. भारत में ऑनलाइन शॉपिंग करने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। यह समस्त सुविधाजनक होने के साथ साथ नुकसानदायक भी है| इसे स्पष्ट करते हुए एक निबंध लिखिए।

२. खेल का मैदान एक ऐसी कक्षा है जहाँ खेल-खेल में अनुशासन, समय - नियोजन, समूह भावना और नियमों का पालन करने की शिक्षा मिलती है। इस पंक्ति को उचित उदाहरण द्वारा स्पष्ट करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

३. आपके विद्यालय में एक मेले का आयोजन किया गया था। यह किस अवसर पर किस उद्देश्य से किया गया था? उसके लिए आपने क्या-क्या तैयारियाँ की? आपने और आपके मित्रों ने एवं शिक्षकों ने उसमें क्या सहयोग दिया था? इन बिंदुओं को आधार बनाकर एक निबंध विस्तार से लिखिए।

४. 'आज तुमने साबित कर दिया कि तुम ही मेरे सच्चे मित्र हो।'इस पंक्ति से अंत होनेवाली एक मौलिक कहानी लिखिए।

P.T.O

५. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए , जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए ।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** of approximately 120 words on any **one** of the following topics :

प्र.२ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए :- (७)

अपने विद्यालय के शिक्षक को एक पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दीजिए क्योंकि वे आपके कल्याण में व्यक्तिगत रुचि ले रहे हैं।

अथवा

आपकी मौसी विदेश में कई वर्षों से रह रही हैं। वह अब वापस स्वदेश आना चाहती हैं।उन्होंने आपसे भारत के वातावरण, घरों की स्थिति और दिन - प्रतिदिन की समस्याओं के विषय में पूछा है। उनके पत्र का उत्तर देते हुए आज की अपने देश की स्थिति के बारे में विस्तार से लिखिए जिसके आधार पर वे वापस आने या न आने का निर्णय ले सकें ।

Question 3

Read the passage given below and answer in Hindi the question that follow, using your own words as far as possible.

प्र. ३ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

भारतवर्ष वीरों का देश है। यहाँ के पुरुषों की वीरता की कहानियाँ प्रसिद्ध हैं। पुरुषों की ही तरह यहाँ की नारियाँ भी वीरता के लिए विख्यात हैं। चाँदबीवी भी ऐसी ही एक वीर नारी थी। चाँदबीवी अहमदनगर के हुसैन निज़ाम शाह की पुत्री थी और सुल्तान बुरहान निज़ाम शाह की बहन थी।

उनका जन्म सन पंद्रह सौ पचास में हुआ था।वे चाँद की तरह सुंदर थी, इसीलिए माता-पिता ने उनका नाम चाँदबीवी रखा। चाँदबीवी बड़ी विदुषी थी। उन्हें उर्दू, फारसी,मराठी, कन्नड़, तुर्की और अरबी का अच्छा ज्ञान था। वे फूलों के चित्र बनाने और सितार बजाने में बड़ी कुशल थी। उन्हें उनके पिता ने युद्ध की शिक्षा दी।तीर और भाला चलाने में भी वे निपुण हो गई। उन्हें घुड़सवारी का भी शौक था।

चाँदबीवी के सौंदर्य और उनकी बुद्धिमत्ता की ख्याति चारों ओर फैल गई। उनका विवाह बीजापुर के सुल्तान अली आदिल शाह के साथ हुआ। बीजापुर भी भारत के दक्षिण भाग का ही एक राज्य था। चाँदबीवी अपने पति आदिल शाह के साथ प्रेम पूर्वक रहने लगी। चाँदबीवी के सुख के दिन बीतते देर न लगी।अभी उनकी आयु केवल पच्चीस वर्ष की ही थी कि उनके पति की मृत्यु हो गई। उस वीर महिला ने अपने पति की मृत्यु के बाद बड़े साहस और धैर्य से काम लिया और वे बड़ी कुशलता पूर्वक राज्यका संचालन करने लगी। चाँदबीवी को स्त्री समझकर अनेक सरदारों ने उनके विरुद्ध सिर उठाना चाहा। वे इस विषम स्थिति में भी विचलित नहीं हुई।उन्होंने विद्रोहियों को कुचल दिया। चाँदबीवी के रण कौशल और बुद्धि को देखकर आस- पास के राजाओं में भी उनका भय फैल गया। वे युद्ध में स्वयं तलवार लेकर कूद पड़ती थी। वे सेना को संगठित और प्रेरित करती थी। उनका साहस और शौर्य देखकर उनकी सेना उत्साह से भर जाती थी। उन्होंने कुशल शासन से अपनी प्रजा का ह्रदय जीत लिया।

प्रश्न

१. चाँदबीवी कौन थी ? उनका नाम चाँदबीवी क्यों पड़ा ? (२)

२. ' चाँदबीवी बड़ी विदुषी थी।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। (२)

३. चाँदबीवी किन - किन कलाओं में निपुण थी ? (२)

४. चाँदबीवी ने किन परिस्थितियों में साहस और धैर्य से काम लिया ? चाँदबीवी के पड़ोसी राजा उनसे क्यों डरते थे ? (२)

५. चाँदबीवी की सेना उत्साह से क्यों भर जाती थी ? (२)

Question 4

Answer the following according to the instructions given :

प्र. ४ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- (८)

(i) 'छली' का पर्यायवाची शब्द बताइए :-

a) धोका- कपट

b) शिष्य - छात्र

c) छाता - छत्र

d) छलिया- धोखेबाज

(ii) 'अनुवाद' का विशेषण शब्द बताइए:-

a) अनुवादिक

b) अनूदित

c) अनुदत्त

d) अनुवदित

(iii) 'सीना' की भाववाचक संज्ञा चुनिए -

a) सिलाना

b) सिलवाई

c) सिलाई

d) सिलाइ

(iv) 'तेजस्वी ' का विलोम शब्द चुनिए -

a) तेजावान

b) निसतेज

c) चमकीला

d) निस्तेज

(v) ' नाक कटना ' मुहावरे का अर्थ बताइए :-

a) नाक पर चोट लगना

b) अपमानित करना

c) अपमानित होना

d) सम्मानित होना

(vi) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।

अध्यापक ने बच्चे को नदी के महत्त्व के बारे में बताया । [वचन बदलिए]

a) अध्यापिका ने बच्चों को नदियों के महत्त्व के बारे में बताया।

b) अध्यापिकाओं ने बच्चों को नदियों के महत्त्व के बारे में बताया।

c) अध्यापकों ने बच्चों को नदियों के महत्त्व के बारे में बताया।

d) अध्यापिकों ने बच्चों को नदियों के महत्त्व के बारे में बताया।

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।

विद्वान पुरुषों का सम्मान करना चाहिए। (लिंग बदलिए)

a) विद्वान स्त्रियों का सम्मान करना चाहिए।

b) विदुषी स्त्रीयों का सम्मान करना चाहिए।

c) विदूषी स्त्रियों का सम्मान करना चाहिए।

d) विदुषी स्त्रियों का सम्मान करना चाहिए।

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।

पायल मेला देखने जाएगी।(अपूर्ण वर्तमानकाल में परिवर्तित कीजिए।)

a) पायल मेला देखने जा रही थी।

b) पायल मेला देखने जाती है।

c) पायल मेला देखने जा रही है।

d) पायल मेला देखने गई है।

## Section B

( Attempt any Four questions from this Section.)

( You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions.)

साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ

(SAHITYA SAGAR – SHORT STORIES)

### Question 5

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र.५ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"बार – बार सोचते,क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी - जवानी- ज़िंदगी सब कुछ होम कर देनेवालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढ़ती है।"

( नेताजी का चश्मा, लेखक-स्वयं प्रकाश )

प्रश्न :-

१. यह वाक्य किसने तथा क्यों कहा? (२)

२.'अपना सब कुछ होम कर दिया' यह कथन पाठ में किस पात्र पर सटीक बैठता है? कारणसहित लिखिए। (२)

३. उपरोक्त कथन में किस बात पर चिंता व्यक्त की गई है? समझाकर लिखिए। (३)

४. 'नेताजी का चश्मा ' इस पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। (३)

P.T.O

### Question 6

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र.. ६ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"मैं ही सबके लिए मरा करूँ। अब मैं यह नहीं सह सकता। मुझे अकपट प्यार की आवश्यकता है।"

( संदेह, लेखक – जयशंकर प्रसाद)

प्रश्न -

१. वक्ता ने ये वाक्य कब और किसे कहें ? (२)

२. वक्ता कौन है? उसकी मानसिक अवस्था कैसी है ? समझाइए। (२)

३. श्रोता ने वक्ता को शांत कराने हेतु क्या कहा? श्रोता की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए। (३)

४. कहानी में कौन- किससे किस प्रकार की सहायता माँग रहा है? सहायता देनेवाला व्यक्ति किस उलझन में पड़ा है? स्पष्ट कीजिए। (३)

## Question 7
## Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र.७ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

" सब हाल साफ़-साफ़ कहो, तो मालूम हो। मुझे तो कुछ भी पता नहीं।"

( बड़े घर की बेटी, लेखक – प्रेमचंद)

प्रश्न –

१. वक्ता का परिचय दीजिए। l (२)

२. श्रोता की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। (२)

३. श्रोता के कुल के बारे में जानकारी विस्तारपूर्वक लिखिए। (३)

४. वक्ता के पूछने पर श्रोता ने क्या - क्या बताया ? (३)

<u>साहित्य सागर- पद्य भाग</u>

<u>(SAHITYA SAGAR – POEMS)</u>

## Question 8
## Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र.८ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की
'बरस बाद सुधि लीन्हीं'
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

(मेघ आए, कवि-सर्वेश्वर दयाल सक्सेना)

प्रश्न –

१. यहाँ मेहमान किसे कहा जा रहा है और क्यों? (२)

२. तालाब ने किस परंपरा का निर्वाह किया तथा किस प्रकार किया? (२)

३. जुहार का अर्थ स्पष्ट कीजिए | पीपल को बूढ़ा क्यों कहा गया है और उसने ही मेघों की जुहार क्यों की? (३)

४. मेघ का स्वागत प्रकृति किन - किन रूपों में और किस प्रकार से कर रही है ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (३)

## Question 9

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र. ९ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

ऐसो को उदार जग माहीं।
बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं।।
जो गति जोग विराग जतन करि नहिं पावन मुनि ज्ञानी।
सो गति देत गीध सबरी कहूँ प्रभु न बहुत जिय जानी ॥
जो सम्पत्ति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्ही।
सो संपदा - विभीषण कहँ अति सकुच सहित प्रभु दीन्ही ॥
तुलसीदास सब भाँति सकल सुख, जो चाहसि मन मेरो।
तौ भजु राम, काम सब पूरन कर कृपानिधि तेरो ॥1॥

( विनय के पद- कवि-तुलसीदास )

P.T.O

प्रश्न –

१. ' बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं।। ' इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। (२)

२. कवि किसका भजन करने को कह रहे है और क्यों ? (२)

३. प्रभु श्रीराम की उदारता उदाहरणसहित स्पष्ट कीजिए। (३)

४. शब्दार्थ लिखिए : द्रवै, पावन, सिव, सकल, सरिस, माहीं (३)

## Question 10

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

जसोदा हरि पालने झुलावै।
हलरावै, दुलराइ मल्हावै, जोइ-सोइ कछु गावै ॥
मेरे लाल को आउ निंदरिया, काहे न आनि सुवावै।
तू काहे नहिं बेगहिं आवै, तोको कान्ह बुलावै ॥
कबहुँ पलक हरि मूँदि लेत हैं, कबहुँ अधर फरकावै।
सोवत जानि मौन ह्वै कै रहि,करि-करि सैन बतावै॥
इहि अंतर अकुलाइ उठे हरि, जसुमति मधुरै गावै।

जो सुख 'सूर' अमर मुनि दुरलभ, सो नंद भामिनी पावै॥

( सूर के पद – कवि सूरदास )

प्रश्न -

१. प्रस्तुत पद्यांश में माता यशोदा किसे और किस प्रकार सुलाने का प्रयास कर रही हैं ? (२)

२. माता यशोदा किसे और क्या उलाहना दे रही है ? (२)

३. माता यशोदा क्या संकेत करती है और क्यों ? कौन – सा सुख मुनियों को नहीं प्राप्त होता हैं ? (३)

४. कवि परिचय दीजिए। (३)

******************